Padma Bhushan



Shri Satpal

Shri Satpal is a well known wrestler. He has represented the Country 35 times in different International tournaments.

2. Born on February 01, 1955 in Village Bawana of Delhi, Shri Satpal was attracted towards the sports from the very beginning and as a result he started practicing in wrestling. Gradually, he started winning various state championships and national championships. On account of his exemplary performance in wrestling in different international tournaments, he was selected to represent the country in Olympic Games held at Munich in 1972. He won the gold medal for the country in Asian Games at Delhi in 1982. He won silver medals each in Commonwealth Games held at Brisbane (Australia) in 1982; at Edmonton (Canada) in 1978 and at Christchurch (New Zealand) in 1974. He won silver medal and bronze medal in Asian Games held at Bangkok (Thailand) in 1978 and at Tehran (Iran) in 1974 respectively.

3. In 1983, he joined Delhi Administration on the post Assistant Director of Education (Sports). Since then he is administering the sports sector of Govt. of NCT of Delhi as well as imparting specialized coaching and training to the upcoming wrestlers of the country. Under his specialized coaching and training a numbers of wrestlers have brought laurels for the country in different international and national tournaments. Even after that, he is continuing his mentorship and imparting training to the Wrestlers. Nearly 108 wrestlers are receiving training and coaching under his guidance. Recently, his 5 trainees have brought laurels for the country.

4. His dedication towards the promotion of sports is not only limited with wrestling but he has administered the entire sports segments. Under his able leadership, the Delhi School Teams have performed exceedingly well. Delhi is on the top of the country in National School Games for the year 2011-2012; 2012-13 and 2013-14. Delhi teams won 259 gold, 115 silver and 121 bronze medals in National School Games in the year 2011-12 and 293 gold, 129 silver and 97 bronze medals in National School Games in 2012-13. But in 2013-14, Delhi teams won 354 gold, 151 silver and 109 bronze medals.

5. Shri Satpal has received various awards and honours including Dronacharya Award in the year 2009; Arjuna Award in the year 1974 and Padma Shri in the year 1983. He has also been honoured with various titles like Bharat Kesari, Rustame Hind, Bharat Bhim, Bharat Shree, Hind Kesari, Rustame Bharat etc.



श्री सतपाल

श्री सतपाल, सुविख्यात कुश्तीबाज़ हैं । आपने विभिन्न अन्तरराष्ट्रीय खेल-प्रतियोगिताओं में 35 बार देश का प्रतिनिधित्व किया है।

2. आपका जन्म फरवरी 01, 1955 को दिल्ली के बवाना गांव में हुआ। आपकी शुरू से ही खेलों के प्रति रूचि रही है और इसके परिणामस्वरूप आपने कुश्ती में भाग लेना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे आपने विभिन्न राज्य चैम्पियनशिप्स और राष्ट्रीय चैम्पियनशिप्स को जीतना शुरू कर दिया। विभिन्न अन्तरराष्ट्रीय खेल-प्रतियोगिताओं में कुश्ती में आपके अनुकरणीय प्रदर्शन के फलस्वरूप आपको सन् 1972 में म्यूनिक में आयोजित ओलम्पिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया। आपने 1982 में दिल्ली के एशियाई खेलों में देश के लिए स्वर्ण पदक जीता। आपने सन् 1982 में ब्रिसबेन (ऑस्ट्रेलिया) में; सन् 1978 में एडमोंटन (कनाडा) में और सन् 1974 में क्राइस्ट चर्च (न्यूज़ीलैंड) में आयोजित प्रत्येक कॉमनवेल्थ खेल में रजत पदक जीता। आपने सन् 1978 में बैंकॉक (थाइलैंड) में और सन् 1974 में तेहरान (इरान) में आयोजित एशियाई खेलों में क्रमश: रजत पदक और कांस्य पदक जीता।

3. वर्ष, 1983 में आप दिल्ली प्रशासन में सहायक शिक्षा निदेशक (खेल) के पद पर कार्य करने लगे। तभी से आप राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के क्षेत्र के खेलों का संचालन करने के साथ-साथ देश के उभरते हुए कुश्तीबाज़ों को विशेष कोचिंग और प्रशिक्षण देते आ रहे हैं। आपकी विशेष कोचिंग और प्रशिक्षण से कई कुश्तीबाज़ों ने विभिन्न अन्तरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय खेल-प्रतियोगिताओं में देश का गौरव बढ़ाया है। इसके बाद भी आप अपनी उस्तादी जारी रखे हुए हैं और कुश्तीबाज़ों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। आपके मार्गदर्शन में लगभग 108 कुश्तीबाज़, प्रशिक्षण और कोचिंग प्राप्त कर रहे हैं। हाल ही में, आपके 5 प्रशिक्षुओं ने देश को गौरवान्वित किया है।

4. आपका खेलों के प्रोत्साहन के प्रति समर्पण केवल कुश्ती तक ही सीमित नहीं है, बल्कि आपने सभी खेल सेगमेंटों का संचालन किया है। आपके कुशल नेतृत्व में दिल्ली स्कूल की टीमों ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया है। राष्ट्रीय स्कूल खेलों में दिल्ली, वर्ष, 2011-2012; 2012-13 और 2013-14 के दौरान देश में शीर्ष स्थान पर रहा है। दिल्ली की टीमों ने राष्ट्रीय स्कूल खेलों में वर्ष 2011-12 के दौरान 259 स्वर्ण पदक, 115 रजत पदक और 121 कांस्य पदक तथा वर्ष,2012-13 के दौरान 293 स्वर्ण पदक, 129 रजत पदक और 97 कांस्य पदक हासिल किए हैं, लेकिन वर्ष, 2013-14 के दौरान दिल्ली की टीमों ने 354 स्वर्ण पदक, 151 रजत पदक तथा 109 कांस्य पदक हासिल किए हैं।

5. आपको वर्ष, 2009 में द्रोणाचार्य पुरस्कार, वर्ष,1974 में अर्जुन पुरस्कार और वर्ष, 1983 में पद्म श्री सहित विभिन्न पुरस्कारों और सम्मानों से नवाज़ा गया है। आपको भारत केसरी, रुस्तम-ए हिंद, भारत भीम, भारतश्री, हिंद केसरी, रुस्तम-ए भारत आदि जैसे खिताबों से भी सम्मानित किया गया है ।